फैक्स/टेलीफोन नं0–0522–2720679

कार्यालय, निदेशक, विद्युत सुरक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, विभूति खण्ड–2, गोमती नगर, लखनऊ।

संख्याः–7999 मु0ई0/ऑनलाइन/सुपरवाइजर–वायरमैन/2021–22 दिनांक 28/09/2021

कार्यालय ज्ञाप

विद्युत सुरक्षा निदेशालय द्वारा केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत आपूर्ति एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपाय) विनियम 2010 के विनियम 29 के प्रयोजनार्थ विद्युत विभाग की विज्ञप्ति संख्या 1313–ई–एल–67/23–पी–वी–94–ई–एल–ए–58 दिनांक 08 जून, 1967 में प्राविधानित शर्तो के अनुसार विद्युत सुपरवाइजरों को सक्षमता का प्रमाण पत्र (Certificate of compentency) तथा वायरमैनों के परमिट प्रदान किये जाते हैं। उक्त प्रमाण पत्र/परमिट धारी व्यक्ति को सरकारी एवं निजी संस्थानों में रोजगार प्राप्त होने में वरीयता मिलती है वर्तमान में उपरोक्त प्रमाण पत्र/परमिट प्राप्त करने हेतु आफलाइन आवेदन किया जाता है।

शासन के निर्देशानुसार पारदर्शिता, समयबद्धता तथा आवेदकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से उक्त प्रमाण पत्र/परमिट प्राप्त करने हेतु आवेदन एवं प्रदान करने की प्रकिया को दिनांक 01.10.2021 से ऑन लाइन किया जाना प्रस्तावित है।

इस सम्बन्ध में आवेदकों को परामर्श दिया जाता है कि ऑन लाइन आवेदन करने से पूर्व वे इस निदेशालय की वेवसाइट http://vidyutsuraksha.org पर जाकर प्रदर्शित होने वाले निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के उपरान्त निर्देशानुसार आवेदन पत्र भर कर इस निदेशालय के नजदीकी कार्यालय में जा कर अपने प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराने के उपरान्त आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट समस्त अपलोड किये गये प्रमाणकों की प्रतियों सहित निदेशक, विद्युत सुरक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, विभूति खण्ड–2, गोमती नगर, लखनऊ–226010 के कार्यालय में प्रेषित करें तथा आवेदन स्वीकृत होने पर SMS से सूचना प्राप्ति के उपरान्त दिये गये ई–मेल से प्रमाण पत्र/परमिट डाउनलोड किया जा सकेगा।

(अनिल कुमार)
निदेशक

संख्याः– मु0ई0/ऑनलाइन/सुपरवाइजर–वायरमैन/2021–22/तददिनॉक

उपरोक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित हैः–

1– अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।

2– विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।

(अनिल कुमार)
निदेशक

संख्याः– मु0ई0/ऑनलाइन/सुपरवाइजर–वायरमैन/2021–22/तददिनॉक

उपरोक्त की प्रतिलिपि निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना जन साधारण के सूचनार्थ समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

(अनिल कुमार)
निदेशक

संख्याः– मु0ई0/ऑनलाइन/सुपरवाइजर–वायरमैन/2021–22/तददिनॉक

उपरोक्त की प्रतिलिपि समस्त उप/सहायक/प्रभारी सहायक निदेशको को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सुपरवाइजर प्रमाण पत्र/वायरमैन परमिट प्राप्त करने के इच्छुक आवेदनकर्ताओं के प्रमाणकों आदि का मूल प्रमाणकों को देखकर सत्यापन किया जाना सुनिश्चित करें।

(अनिल कुमार)
निदेशक

Scanned with CamScanner